# प्रथम भारत-इक्वाडोर बौद्धिक वार्ता में प्रो. सुदेश सम्मानित



रोसालिया अर्टिगा प्रो. सुदेश को सम्मानित करते हुए। (अरोड़ा)

गोहाना, 5 फरवरी (अरोड़ा): इंडिया इंटरनैशनल इंटैलैक्चुअल सोसायटी, अंतर्राष्ट्रीय महिला क्लब और हेरा समूह, पुर्तगाल द्वारा आयोजित प्रथम भारत-इक्वाडोर बौद्धिक वार्ता-2024 में बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो. सुदेश को ग्रामीण महिला शिक्षा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनैशनल सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्यातिथि के रूप में इक्वाडोर की पूर्व राष्ट्रपति रोसालिया अर्टिगा ने शिरकत की।

सम्मानित किए जाने पर आभार जताते हुए वी.सी. प्रो सुदेश ने कहा कि हरियाणा में पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम है।

ग्रामीण महिलाएं अब निर्णायक की भूमिका में हैं और ऐसा शिक्षा के कारण ही संभव हो सका है। इस अवसर पर डॉ. बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली की वी.सी. प्रो. अनु लाठर भी उपस्थित रहीं।

# ऑड समैस्टर की परीक्षाओं के परिणाम घोषित

गोहाना, 5 फरवरी (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय द्वारा 23 नवम्बर 2023 से 25 दिसम्बर 2023 तक आयोजित सभी यू.जी., पी.जी. और पीएच.डी. परीक्षाओं के ऑड समैस्टर के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं।



डॉ. संदीप दहिया जानकारी देते हुए। (अरोड़ा)

परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने बताया कि विश्वविद्यालय के सभी विभागों, क्षेत्रीय केंद्रों, घटक और संबद्ध महाविद्यालयों की 15000 से अधिक छात्राओं की परीक्षाएं सुचारू रूप से सम्पन्न हुईं। उन्होंने बताया कि। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए सभी परिणाम महिला विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि महिला विश्वविद्यालय प्रदेश का पहला ऐसा विश्वविद्यालय है, जिसने लगातार दूसरी बार सबसे कम समय में परीक्षा परिणाम घोषित करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

डॉ. संदीप दहिया ने त्वरित गति से परिणाम घोषित करवाने के लिए वी.सी. प्रो. सुदेश, रजिस्ट्रार प्रो. नीलम मलिक आदि का आभार व्यक्त किया।

# बीपीएस महिला विवि की कुलपति सम्मानित



**गोहाना।** भारत अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक समाज, अंतरराष्ट्रीय महिला क्लब व हेरा समूह पुर्तगाल की तरफ से आयोजित प्रथम भारत-इक्वाडोर बौद्धिक वार्ता-2024 में खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश को सम्मानित किया गया। कुलपति प्रो. सुदेश को ग्रामीण महिला शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने के लिए यह सम्मान दिया गया। मुख्य अतिथि इक्वाडोर की पूर्व राष्ट्रपति रोसालिया आर्टेगा थी। कुलपति ने कहा कि वह ग्रामीण अंचल में महिलाओं को शिक्षित करने और उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का निदान करने के लिए लगातार कार्यरत हैं। संवाद

खबर संक्षेप

## विवि में ऑड सेमेस्टर के परिणाम घोषित

गोहाना। बीपीएस महिला विश्वविद्यालय द्वारा 23 नवंबर 2023 से 25 दिसंबर 2023 तक आयोजित सभी यूजी, पीजी और पीएचडी परीक्षाओं के ऑड सेमेस्टर के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने बताया कि विश्वविद्यालय के सभी विभागों, क्षेत्रीय केंद्रों, घटक और संबद्ध महाविद्यालयों की 15000 से अधिक छात्राओं की परीक्षाएं सुचारू रूप से संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए सभी परिणाम महिला विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। डॉ. सन्दीप दहिया ने त्वरित गति से परिणाम घोषित करवाने के लिए वी.सी. प्रो सुदेश, रजिस्ट्रार प्रो नीलम मलिक आदि का आभार व्यक्त किया।

## ग्रामीण महिला शिक्षा के क्षेत्र में योगदान पर सम्मान

# भारत-इक्वाडोर बौद्धिक वार्ता-2024 में प्रो. सुदेश सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

इंडिया इंटरनेशनल इंटेलेक्चुअल सोसायटी, अंतर्राष्ट्रीय महिला क्लब और हेरा समूह, पुर्तगाल द्वारा आयोजित प्रथम भारत-इक्वाडोर बौद्धिक वार्ता- 2024 में बीपीएस महिला विश्वविद्यालय की वीसी प्रो. सुदेश को ग्रामीण महिला शिक्षा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रुप में इक्वाडोर की पूर्व राष्ट्रपति रोसालिया अर्टिगा ने शिरकत की। सम्मानित किए जाने पर आभार जताते हुए



वीसी प्रो सुदेश ने कहा कि ग्रामीण अंचल में महिलाओं को शिक्षित करने और उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का निदान करने के लिए वे लगातार प्रयत्नशील हैं।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम है। ग्रामीण महिलाएं अब निर्णायक की भूमिका में हैं और ऐसा शिक्षा के कारण ही संभव हो सका है।

इस अवसर पर डॉ. बीआर अम्बेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली की वीसी प्रो. अनु लाठर भी उपस्थित रहीं।

# परीक्षा परिणाम घोषित

**जासं, गोहाना :** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय ने पिछले साल 23 नवंबर से 25 दिसंबर तक हुई यूजी, पीजी व पीएचडी परीक्षाओं के आड सेमेस्टर के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं।



डा. संदीप दहिया, परीक्षा नियंत्रक, बीपीएस महिला विवि

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डा. संदीप दहिया ने बताया कि विश्वविद्यालय के सभी विभागों, क्षेत्रीय केंद्रों, घटक और संबद्ध महाविद्यालयों की 15000 से अधिक छात्राओं की परीक्षाएं सुचारु रूप से संपन्न हुई थी। सभी परिणाम महिला विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।


# कुलपति सम्मानित

**जासं, गोहाना :** खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश को ग्रामीण महिला शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गाय है।

नई दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल इंटेलेक्चुअल सोसायटी व अंतरराष्ट्रीय महिला क्लब व हेरा समूह, पुर्तगाल की तरफ से आयोजित प्रथम भारत-इक्वाडोर बौद्धिक वार्ता-2024 में उन्हें यह सम्मान दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इक्वाडोर की पूर्व राष्ट्रपति महामहिम रोसालिया आर्टेगा थे। इस संबंध में बीपीएस महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश का कहना है कि वे ग्रामीण अंचल में महिलाओं को शिक्षित करने और उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का निदान करने के लिए वे लगातार कार्यरत हैं। हरियाणा में पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम है।

# सबसे कम समय में परीक्षा परिणाम घोषित करके बीपीएस ने स्थापित किया नया कीर्तिमान : डॉ. सन्दीप दहिया

गोहाना, 5 फरवरी (रामनिवास धीमान): गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय ने आज 23 दिसंबर से 25 दिसंबर 2023 तक आयोजित सभी यूजी, पीजी व पीएचडी परीक्षाओं के ऑड सेमेस्टर के परिणाम घोषित किए गए है। सोमवार को महिला विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. सन्दीप दहिया ने बताया कि विश्वविद्यालय के सभी विभागों, क्षेत्रीय केंद्रों, घटक और संबद्ध महाविद्यालयों की 15 हजार से अधिक छात्राओं की परीक्षाएं सुचारू रूप से संपन्न हुई। तथा परीक्षाएं संपन्न होने के 20 दिन के भीतर सभी यूजी, पीजी, पीएचडी, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। और विद्यार्थियों की सुविधा के लिए सभी परिणाम महिला विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि बीपीएस महिला विश्वविद्यालय प्रदेश का पहला ऐसा विश्वविद्यालय है, जिसने लगातार दूसरी बार (मई 2023 सत्र व दिसंबर 2023 सत्र) सबसे कम समय मे परीक्षा परिणाम घोषित करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस दौरान उन्होने परीक्षाओं के सफल आयोजन और त्वरित गति से परिणाम घोषित करवाने के लिए महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश, कुलसचिव प्रो नीलम मलिक, सभी विभागाध्यक्ष, घटक और संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं परीक्षा शाखा के सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।



जानकारी देते परीक्षा नियंत्रक डॉ. सन्दीप दहिया।

# बीपीएस कुलपति प्रो. सुदेश को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में ग्रामीण महिला शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र से नवाजा

गोहाना, 5 फरवरी (रामनिवास धीमान): ग्रामीण महिला शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए सम्मानित किए जाने पर आभार जताते हुए आज बीपीएस महिला विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि ग्रामीण अंचल में महिलाओं को शिक्षित करने और उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का निदान करने के लिए वे लगातार प्रयत्नशील हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम है। ग्रामीण महिलाएं अब निर्णयकर्ता की भूमिका में हैं, जो शिक्षा के कारण ही संभव हो सका है। जानकारी हेतु- इंडिया इंटरनेशनल इंटेलेक्चुअल सोसायटी, अंतर्राष्ट्रीय महिला क्लब और हेरा समूह, पुर्तगाल द्वारा आयोजित प्रथम भारत-इक्वाडोर बौद्धिक वार्ता-2024 में भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां की कुलपति प्रो. सुदेश को ग्रामीण महिला शिक्षा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया। नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रुप में इक्वाडोर की पूर्व राष्ट्रपति महामहिम रोसालिया आर्टेगा ने शिरकत की थी जिसमें अंतर्राष्ट्रीय महिला क्लब की सचिव एवं सीएमओ, एलएनजेपी अस्पताल डॉ. रितु सक्सेना ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ. बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली की कुलपति प्रो अनु सिंह लाठर व अन्य गणमान्य जन उपस्थि



**बीपीएस कुलपति प्रो. सुदेश को सम्मानित करते इक्वाडोर की पूर्व राष्ट्रपति रोसालिया आर्टेगा।**